एककों का अधिग्रहण करना चाहेगी। सांभर साल्टस लिमिटेड को राजस्थान सरकार को हस्तांतरित करने के लिए आगे की कार्रवाई राज्य सरकार की सिद्धांत रूप में स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात की जाएगी जो निश्चित रूप से पारस्परिक सहमति की शर्तों पर आधारित होगी।

उद्योगों में गैर-सरकारी क्षेत्र की भागीदारी

1579. **श्री सत्यपाल मलिक** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उच्चस्तर की प्रौद्योगिकी से संबंधित कुछ उद्योगों में गैर-सरकारी क्षेत्र की भागीदारी देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) 30 अप्रैल, 1956 के औद्योगिक नीति संकल्प में सरकार की औद्योगिक नीति के मूल ढांचे की व्यवस्था है। फिर भी सातवीं योजना तैयार करते समय यह अनुभव किया गया है कि उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों का विकास होने के संदर्भ में दूर संचार कम्प्यूटरों माइक्रोइलेक्ट्रानिक्स, सिरेमिक कम्पोजिट और वायोटैक्नोलोजी जैसे उद्योगों के विकास में गैर-सरकारी क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। वास्तव में यह घोषणा मार्च, 1985 में ही कर दी गई थी कि:—

1. स्विचिंग और ट्रांसमिशन उपकरणों (सरकारी क्षेत्र के आरक्षित दूर-संचार उपकरणों के अन्तर्गत) का उत्पादन करने के मामले में गैर सरकारी क्षेत्र के ऐसे उद्यमों का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है जिनमें केन्द्र/राज्य सरकार की अंशधारिता कम से कम 51 प्रतिशत तथा गैर-सरकारी पार्टियों की अंशधारिता अधिक से अधिक 49 प्रतिशत तक हो, तथा

2. गैर-सरकारी क्षेत्र को ग्राहकों के परिसरों में लगाये जाने वाले टैलीफोन, पी ए बी एक्स, टेलिप्रिन्टर्स, डाटा कम्युनिकेशन उपकरण आदि। जैसे दूर-संचार उपकरणों का निर्माण करने की अनुमति दी जा सकती है।

Production of 6-APP

1580. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what was the indigenous production of 6-APA and what was its requirement in the country during the last three years; and

(b) what are the reasons for which this item has been cancelled when the country's requirement is 270 tons and the indigenous production is haidly 20-30 tons?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CHEMICALS AND PETROCHEMICALS (SHRI R. K. JAICHANDRA SINGH): (a) Demand of 6-APA has not been estimated by the Working Group on Drugs and Pharmaceuticals. Indigenous production of 6-APA in the organised sector during the last three years was as below:

Year	Annual Production (MT)
1982-83	3.75
1983-84	19.35
1984-85	41.77

(b) Presumably the question refers to canalisation. Government had resorted to canalisation in order to regulate imports and to encourage the indigenous production.